**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-21 का उत्तर-**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 21(क) क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव के कितने नागरिक वर्ष 2011 की आर्थिक जनगणना के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का नाम आयुष्मान कार्ड में (आयुष्मान भारत योजना) न होने के कारण 5 लाख तक का मुफ्त इलाज से वंचित रह गये हैं? | आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत विभिन्न मानकों के आधार पर लाभार्थी समूहों का चिन्हांकन किया गया है। सामाजिक, आर्थिक जनगणना-2011 (एस०ई०सी०सी०-2011) में लाभार्थियों का चयन भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर जनपद उन्नाव के 2,57,081 परिवारों के 12,85,405 सदस्यों को आच्छादित किया गया है। तत्पश्चात राज्य सरकार द्वारा जनपद उन्नाव के 49,536 परिवारों के लगभग 1,55,982 सदस्यों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित किया गया है। तदोपरान्त राज्य सरकार द्वारा जनपद उन्नाव के 93,591 अन्त्योदय राशन कार्डधारक परिवारों (2,86,356 सदस्यों) को योजना से आच्छादित किया गया है। इसी क्रम में जनपद उन्नाव के श्रम विभाग में पंजीकृत 5,304 निर्माण श्रमिकों के परिवारों (10,243 सदस्यों) को योजना से आच्छादित किया गया है। इस प्रकार योजनान्तर्गत निर्धारित मानकों के अन्तर्गत आने वाले परिवारों को योजनान्तर्गत सम्मिलित किया जा चुका है। |
| (ख) क्या उक्त वंचित लोगों के लिए सरकार की कोई योजना है? | योजनान्तर्गत निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले परिवारों को योजनान्तर्गत सम्मिलित किया जा चुका है। |
| (ग) यदि हाँ, तो वंचित लोगों को उक्त योजना से कब तक लाभान्वित करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक,**
उप मुख्यमंत्री।